भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3635

10.08.2026 को उत्तर के लिए

बेंगलुरु सुरंग मार्ग परियोजना को पर्यावरण संबंधी मंजूरी

3635. **श्री तेजस्वी सूर्याः**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कर्नाटक राज्य सरकार या उसके अंतर्गत किसी अभिकरण ने प्रस्तावित बेंगलुरु सुरंग मार्ग परियोजना के संबंध में पर्यावरण संबंधी मंजूरी, मूल्यांकन, राय या अन्य किसी सांविधिक स्वीकृति की मांग करते हुए केंद्र सरकार से संपर्क किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा भूजल, शहरी जल विज्ञान, वृक्ष आच्छादन, वायु गुणवत्ता और जलवायु सुनम्यता पर इसके प्रभावों सहित उक्त परियोजना के संभावित पर्यावरणीय प्रभाव का परीक्षण किया गया है या परीक्षण किए जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा किसी पर्यावरण प्रभाव आकलन, भू-जलवैज्ञानिक मूल्यांकन, संचयी प्रभाव आकलन या अन्य तकनीकी अध्ययनों की मांग की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है; और

(घ) यदि उक्त राज्य से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है, तो क्या केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरण संबंधी निहितार्थों का परीक्षण करने के लिए कर्नाटक राज्य सरकार से जानकारी मांगने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (घ) : पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 के प्रावधानों के अनुसार, केवल अधिसूचना की अनुसूची में विनिर्दिष्ट परियोजनाओं अथवा कार्यकलापों के लिए केंद्र सरकार या राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण को, यथास्थिति, पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी अपेक्षित है। ईआईए अधिसूचना, 2006 की अनुसूची में स्वतंत्र सुरंग परियोजनाएँ शामिल नहीं की गई हैं। तथापि, जहां सुरंगे ईआईए अधिसूचना की अनुसूची के अंतर्गत आने वाली राजमार्ग परियोजना का एक अभिन्न घटक हों, मंत्रालय द्वारा सुरंग घटक सहित संपूर्ण राजमार्ग परियोजना का व्यापक मूल्यांकन किया जाता है। ऐसे

मूल्यांकन के दौरान भूमिगत जल, जलविज्ञान, जल निकासी मार्ग, वृक्षावरण, जैव विविधता, वायु गुणवत्ता, भूविज्ञान, आपदा जोखिम और जलवायु प्रत्यास्थता जैसे पर्यावरणीय पहलुओं का विस्तृत आकलन पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अध्ययन के माध्यम से किया जाता है तथा पर्यावरणीय सुरक्षोपाय को पर्यावरणीय मंजूरी की शर्तों के रूप यथोचित में विनिर्धारित किए जाते हैं।

मंत्रालय को प्रस्तावित बेंगलुरू सुरंग सडक परियोजना के संबंध में पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त करने संबंधी कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****